# प्रदेश को तकनीक का केंद्र बनाएगी लखनऊ की एआइ सिटी

**राब्यू, जागरण• लखनऊ:** राजधानी लखनऊ में विकसित होने जा रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) सिटी प्रदेश को देश के बड़े तकनीकी और डिजिटल केंद्र के रूप स्थापित करेगी। इसे एक आत्मनिर्भर टेक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। अत्याधुनिक डाटा सेंटर्स, हाई परफार्मेंस कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, एआइ शोध प्रयोगशालाएं, स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर और ग्लोबल टेक कंपनियों के लिए आधुनिक कार्यस्थल उपलब्ध

## एआइ इनोवेशन सेंटर, टेक पार्क और शोध की होंगी सुविधाएं




कराए जाएंगे।

एआइ सिटी को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपी) माडल पर विकसित करने की योजना है। इसे दो हिस्सों में विकसित किया जाएगा। 60 प्रतिशत क्षेत्र कोर जोन के रूप में विकसित होगा, जहां एआइ इनोवेशन सेंटर, टेक पार्क और रिसर्च की सुविधाएं होंगी। शेष 40 प्रतिशत क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक और सामाजिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सिटी विकसित होने के बाद बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। वहीं इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह एक बड़ा प्लेटफार्म बनेगा।